2016



# NICT संपर्क

साप्ताहिक समाचार पत्र

बैंक मित्रों के प्रयासों ने ग्रामीण जन-जीवन को एक नयी दिशा दिखाई है, जो लोगों को आर्थिक सबलता व स्थिरता की ओर ले जाता है और इन्हीं कारणों से इन बैंक मित्रों को एक अलग पहचान भी मिली है, आज यह बैंक मित्र सफल ग्राम स्तरीय उद्यमी की दृष्ट्रि से देखे जाते है।

तो आइए इस 'संपर्क' के माध्यम से जाने ऐसे ही कुछ बैंक मित्रों के बारे में जो दूर-दराज आँचलिक क्षेत्र के लोगों के लिए जागरूकता का केन्द्र बने हुए है।!









संपादक – संजय सोनी

NICT (Network for Information and Computer Technology)

# बैंक मित्रों ने लाखों लोगों को जोड़कर एक मिसाल कायम की!!!

आज बैंक मित्र एक ही केन्द्र में ज्यादा से ज्यादा सुविधाऐं उपलब्ध करा रहे है, वो भी ऐसे दूर-दराज क्षेत्रों में जहाँ अन्य कोई साधन भी बडी मुश्किल से उपलब्ध हो पाते है। जी हाँ ऐसे कुछ ग्रामीण आँचलिक क्षेत्र भी है, जहाँ आवागमन तक के साधन नाम मात्र के हैं और अन्य किसी प्रकार की ई-गर्वनेस जैसी सुविधा भी बडी मुश्किल से उपलब्ध हो पाती है। अगर इस तरह के क्षेत्रों के लोगों को कियोस्क केन्द्रों के माध्यम से बैंकिंग को जानने का मौका मिल रहा हो, तो यह बहुत ही बडी बात होगी। जो हो पा रहा है इन सीएसपी संचालकों की दृढता और कड़ी मेहनत से। आज देश के लाखों लोगों के लिए बैंक मित्र बैंकिंग सुविधाओं के तौर पर उपलब्ध हो रहे है।

आइए जाने ऐसे ही कुछ महत्वपूर्ण सीएसपीओं के बारे में-

**श्रीमती पुष्पलता दास** (एनआईसीटी सीएसपी कोडः ३२८०१०७१- झाबुआ, मध्यप्रदेश)
इन्होंनें न केवल अपनी आय के श्रोत को बनाया बल्कि क्षेत्रीय लोगों को जागरूक करके एक मिशाल भी कायम की है। आज पुष्पलता अपने क्षेत्र की महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी हुई है। जो कि किसी भी महिला के लिए गर्व की बात होगी।



श्रीमती पुष्पलता दास

**श्रीमती रोशनी जयसवाल** (एनआईसीटी सीएसपी कोडः ३२८०१८०६- जोबट, म.प्र.)
रोशनी आज अपने क्षेत्र में किसी परिचय की मोहताज़ नही है, इन्होंनें भी अपने घर के साथ-साथ सीएसपी संचालिका के रूप में काफी अहम भूमिका अदा की है। आज रोशनी ३० हजार से ज्यादा की आय के साथ अपने परिवार का पालन पोषण कर रही है।



श्रीमती रोशनी जयसवाल

**मो. झुन्नु मियान** (एनआईसीटी सीएसपी कोडः १ए७६१७३३- दरियापुर- बिहार)
मो. झुन्नु मियान सीएसपी संचालन के पहले एक विद्यार्थी हुआ करते थे, जो आज अपने क्षेत्रीय लोगों को बैंकिंग से संबंधित जानकारी देकर जागरूक करने का काम कर रहे है। आज झुन्नु मियान लगभग १८ हजार से ३० हजार की मासिक आय अर्जित कर लेते है। जो इनके लिए आज एक अच्छी आय है।



मो. झुन्नु मियान

**श्री हिरन्या दत्ता** (एनआईसीटी सीएसपी कोडः १ए७६२३७३- लखीमपुर, असम)



श्री हिरन्या दत्ता

हिरन्या आज अपने क्षेत्रीय लोगों को ई-गर्वनेस की सेवाओं के साथ कई बैंकिंग सुविधाएँ देते आ रहे है व साथ ही एफ डी, आर डी, जन-धन योजना व अन्य योजनाओं से लोगों को जागरूक किया है। आज श्री हिरन्या इस केन्द्र के माध्यम से हर माह एक अच्छी आय प्राप्त कर रहे है, जो इनकी जीविका का साधन बना हुआ है।

--- संजय सोनी- एनआईसीटी

# मध्यप्रदेश

## बैंक सखियों हेतु 'नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक' द्वारा प्रशिक्षण कार्यशाला।












दिनांक १६ फरवरी २०१६ को 'नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक' द्वारा जिला प्रशिक्षण केन्द्र इंदौर में समस्त बैंक सखियों हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में बैंक सखियों को 'प्रधानमंत्री अटल पेन्शन योजना', जन-धन योजना आदि अन्य योजनाओं की जानकादी दी गई। साथ ही एनआरएलएम की सहायता से अलीराजपुर एवं बरवानी जिलों में सखी समावेशन योजना की शुरूआत के लिए जरूरी रूपरेखा पर बात हुई।

मार्च २०१६ तक ५० बैंक सखियों को नियुक्त किया जाने की बात भी कही। इस अवसर पर बैंक सखियों ने उपस्थित सीएमडी के समझ अपनी-अपनी समस्याओं को रखा जिसमें उन्होंने सभी के निराकरण हेतु आदेश दिए।

इस अवसर पर मुख्य रूप से श्री के.वी. राघवेन्द्र (सीएमडी-एनजेजीबी) श्री वी. मिश्रा (आर.एम. एनजेजीबी) श्री भटनागर (एफ.आई. इंचार्ज-एनजेजीबी) श्रीमती अनीशा बेगम (डीपीएम एनआरएलएम- राजगढ़) श्री श्रीवास्तव जी (डीपीएम) एवं अन्य संबंधित शाखा प्रबंधकों ने अपनी उपस्थिति दी।

**सभी को विदित हो कि एनआईसीटी ''नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक'' के लिए बतौर बीसी कार्यरत है जिसमें बैंक सखियों की भूमिका निश्चित तौर से निहित है।**

# राजस्थान

जोधपुर, राजस्थान में जिला स्तरीय बी.ओ.बी. प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन।







एनआईसीटी- १६ जनवरी २०१६ को जोधपुर में ''बैंक ऑफ बड़ौदा'' द्वारा एसडीपी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें बीओबी जीएम ने अपनी उपस्थिति दी। एनआईसीटी टीम से बीडीएम श्री जगदीश दास उपस्थित रहे व वरिष्ठजन का स्वागत किया।

# राजस्थान,जयपुर

जयपुर, राजस्थान में ''एसबीआई'' बैंक मित्र का उद्घाटन।





एनआईसीटी ने जनवरी २०१६ में जयपुर, राजस्थान में ''एसबीआई'' बैंक मित्र की शुरूआत की। बैंक मित्र का उद्घाटन लिंक शाखा प्रबंधक (VKI- SBI) द्वारा किया गया। बैंक मित्र संचालक श्री राम किरन शर्मा (1A768958) हैं।

# गुजरात

**'एसबीआई' ने एनआईसीटी गुजरात टीम को पिन पेड डिवाइस वितरित किए।**







दिनांक १५ फरवरी २०१६ को अहमदाबाद के 'एसबीआई' क्षेत्रीय शाखा में श्री सुनील साह (एजीएम-एसबीआई) द्वारा शुरूआती तौर पर ८७ पिन पैड डिवाइस वितरित किए गये। जिसके लिए स्वयं श्री कृणाल साह (टेरिटरी मैनेजर-एनआईसीटी) व टीम उपस्थित रही। साथ ही एनआईसीटी सीएसपी श्री मनहार वघेला, पुन्सरी से आये उपस्थित थे।

# उत्तरप्रदेश

**ग्राम रामपुर, प्रतापगढ़ में एनआईसीटी द्वारा कियोस्क का शुभारम्भ।**







ग्राहक सेवा केन्द्र शुरू

गौरा। रामपुर बाजार में मंगलवार को स्टेट बैंक के ग्राहक सेवा केन्द्र का शुभारम्भ हुआ। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक सुवंसा बच्चालाल ने कहा कि बैंक अब जनमानस का अंग बन चुके हैं। सरकार भी लोगों को सुविधाएं देने के लिए इनका सहारा ले रही हैं। इस मौके पर रजनीश श्रीवास्तव, मदन सोनकर, कपिल कुमार, अवधेश कुमार, राजेन्द्र तिवारी, डा जेपी दुबे, सतीश कुमार, दारा सेठ, रिंपू आदि मौजूद रहे। (हिसं)

एनआईसीटी- दिनांक ०१ मार्च २०१६ को ग्राम रामपुर जिला प्रतापगढ़, उत्तरप्रदेश में 'स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया' के ग्राहक सेवा केन्द्र का शुभारम्भ किया गया। इसका उद्घाटन श्री अच्छे लाल सुवंसा (शाखा प्रबंधक- प्रतापगढ़) व श्री रजनीश कुमार श्रीवास्तव (बीडीएम-एनआईसीटी) द्वारा किया गया।

कियोस्क संचालक श्री अमित कुमार जी है।

# हरियाणा

## करनाल, हरियाणा मे 'बैंक ऑफ़ बडौदा' द्वारा समस्त बीसीओं को प्रमाण-पत्र वितरित किए गये।



दिनांक ०६ फरवरी २०१६ को करनाल, हरियाणा में 'बैंक ऑफ़ बडौदा' के क्षेत्रीय कार्यालय में समस्त बैंक मित्रों को प्रमाण-पत्र वितरित हेतू कार्यशाला।

# आन्ध्रप्रदेश

## आन्ध्रप्रदेश व तेलंगाना में एनआईसीटी पूरे नियमावलि के साथ अग्रसर- श्री भूयान



दिनांक ०८ मार्च २०१६ को कामायूयथोपू, विजयवाडा, जिला कृष्णा, आन्ध्रप्रदेश में 'बैंक ऑफ़ बड़ौदा' कियोस्क का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन श्री भूयान (जीएम-बीओबी) द्वारा हुआ, उन्होंने एनआईसीटी द्वारा किए जा रहे वित्तीय समावेशन के लिए प्रयासों की तारीफ की व कहा कि आन्ध्रप्रदेश व तेलंगाना में मात्र एनआईसीटी उत्कृष्ट्र कार्य करने वाला नेशनल बीसी।

कियोस्क संचालक श्री चल्ला प्रवीण कुमार जी है।

# पश्चिम बंगाल

**दुर्गपुर, वर्धवान में सीएसपीओं हेतु दो दिवसीय कार्यशाला।**





ভারতীয় স্টেট ব্যাঙ্ক
भारतीय स्टेट बैंक
State Bank of India
Certificate of Training

This is to certify that Shri / Smt ______ CSP ID No. ______ of BC ______ has attended one day Refresher Training Programme for CSP Operators on ______ at ______

Local Head Office
Samriddhi Bhavan
Kolkata - 700 001

Date: ______ Authorised Signatory



एनआईसीटी- ०३ व ०४ मार्च २०१६ को दुर्गपुर, जिला वर्धवान, पश्चिम बंगाल में दो दिवसीय सीएसपी प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में तमाम तकनीकि जानकारी के साथ-साथ सुनियोजित योजनाओं को कैसे ज्यादा गति प्रदान की जा सकती है आदि बातों पर चर्चा हुई।

# बिहार

**एनआईसीटी पटना कार्यालय में 'एसबीआई' से RBFI ने विजिट किया।**







एनआईसीटी- पटना कार्यालय में 'एसबीआई' की ओर से पटना, झारखण्ड रीजन के आरबीएफआई श्री मोहन राम, श्री एस.एन. सहाय, श्री बी.आर. विमल ने विजिट किया व हो रहे कार्यो की समीक्षा की। बिहार टीम ने उनका स्वागत करते हुए कार्यो की विस्तृत जानकारी दी। एसपीएम श्री रंजीत कुमार (एसपीएम- बिहार) व श्री रवि कुमार (एएसपीएम-बिहार) टीम के साथ उपस्थित रहे।

## आपके सुझाव व शिकायतें महत्वपूर्ण है

सभी को **''संपर्क''** के माध्यम से पूरे देश में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी मिल रही होगी। क्योंकि यही एक माध्यम है, जो आम जन तक हमारे प्रयासों को पहुँचाने का जरिया बना है और अब हम चाहते है, कि आप सभी व जो भी एनआईसीटी से जुड़ा हुआ है, वह अपने सुझाव हमारे द्वारा दिये गये ई-मेल पर पहुँचाऐं। हम यह भी चाहते है, कि इस न्यूज़लेटर में जो भी आवश्यक विषयों को आप चाहते है या फिर हमारे द्वारा कोई श्रुटि हो रही हो, उसे भी आप इस माध्यम से व्यक्त कर सकते है।

इस प्रयास से हमारा सीधा लोगों तक पहुँच सकते है, एनआईसीटी के प्रयासों को अपने सुझावों के द्वारा प्रभावी बनाने में समर्थ है।

किसी तहसील या नगर में अगर कोई व्यक्ति ''सिने इंडिया'' प्रोजेक्ट की शुरूआत करना चाहता है, तो वे हमारे इस माध्यम से भी संपर्क कर सकता है।

विश्वास है, कि हम उन जो 'संपर्क' के माध्यम से भलिभांति समझ पा रहे है व हमारे प्रयासों को और

न्यूज़लेटर ''संपर्क'' के संबंध में अपने सुझावों व शिकायतों के लिये हमें ई-मेल कर सकते है।
communication@nict.ind.in
07771005418 - Sanjay Soni

नोट -
आप सभी के द्वारा इस न्यूज़लेटर के संबंध में जो प्रतिक्रिया हमें मिल रही हैं, वह हमारे मनोबल को बढ़ाने में सहयोग प्रदान करती है। जिसके लिये आप सभी का धन्यवाद। कुछ लोगों द्वारा हमसें कुछ जानकारियाँ भी मांगी गयी थी, जो न्यूज़लेटर के विषय से संबंधित नहीं है, कृपया वे लोग हमारी वेबसाइड में दिये गये संबंधित नंबरो पर ही संपर्क करें।

अभी तक हमें जो भी शिकायते प्राप्त हुई है, उसे हमने संबंधित विभाग तक पहुँचा दिया है। जिसका समाधान बहुत जल्द किया जायेगा।

हमें पूर्ण विश्वास है, कि आगे भी आप सभी की प्रतिक्रियाएँ प्राप्त होती रहेगी।

NICT HOUSE
EB-108,109, Scheme No 94,
Opposite Bombay Hospital,
Ring road Indore (M.P.) Pin-452010

communication@nict.ind.in
www.nictgroup.in